# प्रेसनोट थाना बरहन जनपद आगरा।

## बड़ी कार्यवाही करते हुए थाना बरहन पुलिस टीम द्वारा शातिर ठगों के गिरोह के 04 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 04 अदद मोटरसाइकिल, एक कम्प्यूटर सेट, 02 अदद प्रिन्टर, 02 फर्जी आरसी की छायाप्रति सहित अन्य सामान बरामद...

जनपद आगरा में कोविड–19 संक्रमण के बचाव एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आगरा द्वारा दिये गये आदेशानुसार तथा क्षेत्र में चोरी/लूट, डकैती, अवैध शराब की तस्करी करने आदि अपराधों की पूर्ण रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पश्चिमी के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी एत्मादपुर के सफल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बरहन को टीम गठित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।

इसी क्रमानुसार दिनांक 01.07.2021 को को गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु एत्मादपुर रोड पर चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान एत्मादपुर की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल को रूकने का इशारा करने पर मो0सा0 के कागजात चैक किये गये तो मो0सा0 की आरसी की छायाप्रति दिखायी, जिसमें पडे रजिस्ट्रेशन नं0 यूपी 80 सीएच 5479 को व्हीकल एप डालकर देखा गया तो उक्त रजिस्ट्रेशन नं0 होन्डा एक्टिवा स्कूटी तथा वाहन स्वामी के नाम पते में भिन्नता पायी गयी।

## पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम दुर्ग सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह नि0 नगला सिरजी थाना बरहन आगरा बताया गया। बरामद मो0सा0 के सम्बन्ध में बताया कि यह हीरो स्प्लेन्डर प्रो मो0सा0 यूपी 80 सीएच 5479 व एक और हीरो स्प्लेन्डर प्रो मो0सा0 जो मेरी बेटी की ससुराल में खडी है। दोनों मो0सा0 मैंने अपनी बेटियों की शादी में देने के लिए डाक्टर जुगल किशोर पुत्र स्व0 नौबत सिंह हाल पता पंकज कालोनी कुबेरपुर चौराहा थाना एत्मादपुर आगरा से खरीदी थीं। उसने मुझसे कहा था कि मैं तुम्हे सस्ते दामों में मो0सा0 कैन्टीन से निकलवा कर दे दूंगा। मैंने सस्ते रेट में मिलने के कारण दोनों हीरो स्प्लेन्डर प्रो डा0 जुगल किशोर उपरोक्त से 45–45 हजार रुपये में तथा 5–5 हजार रुपये कागजों के अलग देकर खरीदी थी। उक्त मो0सा0 की आर0सी की छाया प्रतियां मुझे डाक्टर जुगल किशोर ने दी थी। पुलिस टीम द्वारा दूसरी मो0सा0 को लाने के लिए कहा गया तो दुर्ग सिंह उपरोक्त ने फोन कर दूसरी मो0सा0 हीरो स्प्लेन्डर प्रो जिसका नं0 यूपी 80 सीएफ 2539 था, मौके पर मँगायी, जिसकी आरसी की छायाप्रति एवं मो0सा0 पर पडे नं0 यूपी 80 सीएफ 2539 व्हीकल एप डालकर देखा गया तो उसके भी वाहन स्वामी में भिन्नता पायी गयी ।

## दूसरे अभियुक्त की गिरफ्तारी :–

पुलिस टीम द्वारा दूसरी मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्रो को कब्जे पुलिस में लेते हुए डा0 जुगल किशोर उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा एवं साथ आया दूसरा अभियुक्त विजय फरार होने में सफल रहा।

## अभियुक्त जुगलकिशोर से पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ पर अभि0 जुगल किशोर द्वारा बताया गया कि उक्त मो0सा0 दुर्ग सिंह को मैंने ही सस्ते दामों पर दिलवायी थी। यह काम मैं **01–जुगल किशोर, 02–विजय सिंह उर्फ पप्पू, 03–नर सिंह उर्फ चिन्टू, व 04–सतेन्द्र सिंह** करते हैं। हम लोग जानकारी के सगे सम्बन्धियों को कैन्टीन से मो0सा0 सस्ते दामों में दिलवाने तथा छः महीने में कागज तैयार कराकर देने का भरोसा व लालच देकर हम मो0सा0 बेच देते हैं।

उक्त मो0सा0 हम लोग फर्जी आईडी लगाकर फाइनेन्स पर खरीदते हैं जिसकी एक दो किस्त अदा कर मो0सा0 की फर्जी आरसी तैयार कराकर ग्राहक को फर्जी आरसी की कलर छायाप्रति दे देते हैं। मुझे यह पता नहीं कि फर्जी आर0सी0 नर सिंह व सतेन्द्र सिंह किससे तैयार कराते हैं

अभि0 जुगल किशोर द्वारा अपने मकान से दो मो0सा0 01. टीवीएस अपाचे यूपी 80 डीसी 6763 तथा 02. हीरो स्प्लेन्डर प्रो यूपी 82 एच 2354 उपलब्ध करायीं। कागज तलब किये तो बताया कि इनकी आर0सी0 नर सिंह व सतेन्द्र सिंह से बनवाने के लिए कहा गया है। जिनके द्वारा आरसी बनवा ली गयी हैं।

## अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी :–

पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए डा0 जुगल किशोर को साथ लेकर एक बारगी दबिश देते हुए सतेन्द्र व नर सिंह को उसके घर से मय फर्जी 02 अदद आरसी के साथ गिरफ्तार किया गया।

## दोनों अभियुक्तगण से पूछताछ का विवरण :–

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर सतेन्द्र उर्फ बन्टू व नर सिंह उर्फ चिन्टू ने बताया कि मैं व विजय सिंह, डा0 जुगलकिशोर, सतेन्द्र सिंह मो0सा0 को फर्जी आईडी लगाकर फाइनेन्स पर खरीदते हैं। एक दो किस्त अदा कर मो0सा0 की फर्जी आरसी तैयार कराकर ग्राहक को फर्जी आरसी की कलर छायाप्रति दे देते हैं। फर्जी आर0सी0 विजय सिंह व डा0 जुगलकिशोर हमसे तैयार करवाते हैं। हमें एक आरसी तैयार कराने के 3000 रुपये देते हैं, जिनमें मैं व सतेन्द्र 1000 रुपये में विनायक आफसेट प्रिन्टर फिरोजाबाद से तैयार कराकर देते हैं और शेष रुपये हम दोनों आपस में बांट लेते हैं।

## प्रिन्टर मालिक से पूछताछ :–

पुलिस टीम द्वारा विनायक आफसेट प्रिन्टर के मालिक से पूछताछ करने पर अपना नाम राहुल गोयल पुत्र अशोक कुमार गोयल नि0 72 चौबे जी का बाग थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद बताया। फर्जी आरसी के बारे में बताया कि फर्जी आरसी बनवाने के लिए नर सिंह व सतेन्द्र सिंह आते थे। आरसी तैयार कराने वाली मशीन के बारे में कडाई से पूछा तो बताया कि साहब इस कम्प्यूटर सेट व इन दोनों प्रिन्टरों से ही मैं फर्जी आरसी व पहचान पत्र आईडी तैयार करता हूँ । कम्प्यूटर सेट ( सीपीयू, डेस्कटाप, एक अदद माउस व की बोर्ड ) व 02 प्रिन्टरों को कब्जा व उपरोक्त लोगों को हिरासत पुलिस में लिया गया ।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :-

01. जुगल किशोर पुत्र स्व0 नौबत सिंह नि0 नगला सिरजी थाना बरहन आगरा हालपता पंकज कालोनी कुबेरपुर चौराहा थाना एत्मादपुर आगरा।
02. नर सिंह उर्फ चिन्टू पुत्र स्व0 श्री शेर सिंह नि0 262 ए न्यू रेलवे कालोनी थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
03. सतेन्द्र सिंह पुत्र चौब सिंह नि0 सूर्यनगर कालोनी टूण्डला थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
04. राहुल गोयल पुत्र अशोक कुमार गोयल नि0 72 चौबे जी का बाग थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

## बरामदगी का विवरण :-

01. 01 मो0सा0 टीवीएस अपाचे।
02. 03 मो0सा0 हीरो स्प्लेन्डर प्रो।
03. 02 अदद आरसी फर्जी कलर्ड छाया प्रति।
04. 02 आरसी फर्जी ब्लेक एण्ड व्हाइट  छाया प्रति।
05. 01 अदद डेस्कटाप, 01 अदद सी0पी0यू0, 01 अदद माउस, 01 अदद की बोर्ड।
06. 02 अदद प्रिन्टर।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण :-

01. थानाध्यक्ष श्री बहादुर सिंह थाना बरहन जनपद आगरा।
02. उ0नि0 योगेन्द्र कुमार थाना बरहन जनपद आगरा।
03. उ0नि0 अमित कुमार थाना बरहन जनपद आगरा।
04. हे0का0 1093 सुनील कुमार, हे0का0 1205 योगेन्द्र कुमार व हे0का0 1499 गिरीश गौतम थाना बरहन जनपद आगरा।
05. का0 1941 कपिल कुमार, का0 2511 पवन कुमार व का0 4949 धर्मवीर थाना बरहन जनपद आगरा।

## तकनीकी टीम का विवरण :-

01. निरीक्षक श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस टीम जनपद आगर।
02. हे0का0 आदेश त्रिपाठी सर्विलांस टीम जनपद आगरा।

**मीडिया सेल जनपद आगरा।**